सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन 2012 - 2013

तटीय जलकृषि प्राधिकरण

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY

भारत सरकार, कृषि मंत्रालय
दूसरी मंजिल, शास्त्री भवन एनेक्सी
चैन्नै–600006, तमिल नाडु
दूरभाषा : 91-44-28213785, 28216552
फैक्स : 044-28216552
ई–मेल : aquaauth@vsnl.net वेबसाइट : www.caa.gov.in

प्रकाशक
अध्यक्ष
तटीय जलकृषि प्राधिकरण

संकलन तथा संपादन
आर. पाल राज
भास्करण मणिमारन
एस. मणि
जी. डी. चन्द्रपाल
डी. विन्सेंट

मुद्रक
नागराज एंड कंपनी

Published by

Chairman
Coastal Aquaculture Authority

Compilation & Editing

R. Paul Raj

Baskaran Manimaran

S. Mani

G. D. Chandrapal

D. Vincent

Printed by

Nagaraj & Co Private Limited

विषय वस्तु

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
	प्रस्तावना	v
I.	प्राधिकरण का संगठन, परिचालन लक्ष्य तथा उद्देश्य	1
1.	2011–12 की अवधि के दौरान प्राधिकरण का संगठन	1
2.	प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य	4
3.	प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य	4
4.	एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन	6
II.	लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन	7
1.	वार्षिक लक्ष्य	7
2.	निष्पादन का संक्षिप्त समीक्षा	8
III. क.	क्रियाकलाप व उपलब्धियां	
1.	प्राधिकरण की बैठक और प्राधिकरण द्वारा समितियों का गठन	10
2.	झींगा फार्मों का पंजीकरण	12
3.	पंजीकरणों का नवीनीकरण	17
4.	एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन	17
5.	जल फार्मों/हैचरियों का सर्वेक्षण	37
6.	एसपीएफ एल.वेन्नामई ब्रूडस्टॉक के लिए निजी क्वारनटाइन को स्थापित करने के लिए स्थलों का निरीक्षण	38
7.	ईएमएस रोगों के लिए फार्मों की निगरानी	39
8.	जल गुणवत्ता निगरानी प्रयोगशाला	40
9.	वेबसाइट का अद्यतन	41
10.	सीएए के मुख्यालय के लिए भवन	41
11.	सीएए द्वारा मनाया गया हिन्दी सप्ताह	42
12.	सीएए के बाह्य कार्यकलाप	42
III. ख.	2013–14 के दौरान किए जाने वाले संभावित कार्यकलाप	49
IV.	वित्त वर्ष 2012–13 के दौरान वास्तविक वित्तीय परिणामों और कार्यकलापों का सार	51
V.	प्राधिकरण का स्टाफ और मौजूदा संगठनात्मक संरचना	52
VI.	सेवानिवृत्त / प्रत्यावर्तन	53
VII.	सूचना का अधिकार अधिनियम	53
	वर्ष 2011–2012 के लिए वार्षिक लेखें और भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की अलग लेखा परीक्षा रिपोर्ट	
1.	तुलन पत्र	56
2.	आय एवं व्यय खाते	57
3.	प्राप्तियां और भुगतान खाते	58
4.	तुलन पत्र अनुसूची (1–11)	60
5.	आय एवं व्यय अनुसूची (12–23)	70
6.	लेखा नीति	77
7.	आकस्मिक देयता और लेखा टिप्पणियां	81
8.	भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	83

Sl. No.	Subject	Page No.
	Preface	91
I.	Composition, Operational Goals and Objectives of the Authority	93
1.	Composition of the Authority during 2012–2013	93
2.	Aims and Objectives of the Authority	95
3.	Powers and Functions of the Authority	96
4.	Regulation of SPF *Litopenaeus vannamei* Culture In India	98
II.	Targets and Performance	99
1.	Annual Targets	99
2.	Brief Review of Actual Performance	100
III. A.	Activities and Achievements	102
1.	Meetings of the Authority and Committees Constituted by the Authority	102
2.	Registration of Shrimp Farms	104
3.	Renewal of Registrations	109
4.	SPF *L. vannamei* Farming	109
5.	Survey of Aquafarms / Hatcheries	129
6.	Inspection of Sites for Establishment of Private Quarantine for SPF *L. vannamei* Broodstock	130
7.	Monitoring of Farms for EMS Disease	131
8.	Water Quality Monitoring Laboratory	132
9.	Website Updation	133
10.	Building for the Headquartes of CAA	133
11.	Hindi Week observed by CAA	134
12.	Outreach Activities of CAA	134
III	B. Activities likely to be taken up during 2013-14	141
IV.	Finance	143
V.	Staff and Existing Organizational Structure of the Authority	144
VI.	Retirement / Repatriation	145
VII.	Right to Information Act	145
	Annexure: Annual Accounts and Separate Audit Report of the CAG for the year 2012-13	
1.	Balance Sheet	148
2.	Income and Expenditure Account	149
3.	Receipts and Payments	150
4.	Schedules Forming Part of Balance Sheet	152
5.	Schedules Forming Part of Income & Expenditure	162
6.	Accounting Policies	169
7.	Contingent Liabilities and Notes on Accounts	173
8.	Separate Audit Report	175

न्यायमूर्ति के. रविराजा पान्डियन
अध्यक्ष
Justice K. Raviraja Pandian
Chairperson

तटीय जलकृषि प्राधिकरण
भारत सरकार कृषि मत्रांलय
शास्त्री भवन अनेक्स दूसरी मंजिल
सं. 26, हडोस रोड़, चेन्नै–600 006.
तमिलनाडु, भारत.
COASTAL AQUACULTURE AUTHORITY
Government of India, Ministry of Agriculture
Shastri Bhavan Annexe, 2nd Floor,
No.26, Haddows Road, Chennai - 600 006.
Tamilnadu, INDIA.

9 दिसंबर 2013

प्राक्कथन

तटीय जलकृषि प्राधिकरण देश में तटीय जलकृषि के क्षेत्र में विगत वर्षों में स्पष्ट रूप से प्रगति करता रहा है। तटीय जलकृषि में सामाजिक, आर्थिक और जैविक मसलों से संबंधित विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। इस प्रकार, सतत् विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनुकुलतम लाभ लेने हेतु समन्वित प्रबंधन और विनियमन महत्वपूर्ण है। तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा शुरू किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में इस क्षेत्र द्वारा सामना की जा रही अनेक समस्याओं की ओर ध्यान दिया गया है, जैसा कि इस संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट से देखा जा सकता है। तटीय जलकृषि क्षेत्र के पणधारकों द्वारा जैव सुरक्षा और विनियमित विकास की संकल्पना को तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा उठाए गए विभिन्न विनियामक उपायों द्वारा हासिल किया जा रहा है। किसानों को तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इन पहलुओं की जानकारी दी जाती है और कार्यशालाओं में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा समीक्षाधीन अवधि के दौरान देश के विभिन्न भागों में आयोजित समुद्री खाद्यान मेलों के माध्यम से भी उन्हें अवगत कराया जाता है। झींगा जलकृषि के अलावा, इस क्षेत्र को खारा जल प्रजातियों के फिनफिश पालन में भी विविधता की आवश्यकता है, जिससे हमारे व्यापक संसाधनों के समग्र उपयोग में मदद मिलेगी और आगे चलकर देश के तटीय क्षेत्रों में उत्पादन और आर्थिक विकास में सुधार होगा। तटीय जलकृषि गतिविधियों को विकसित और विनियमित करने में आवश्यक घटकों के रूप में बेहतर जलकृषि प्रणालियों को शुरू करने के अलावा, भविष्य में रोग निगरानी और प्रबंधनको भी सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है।

समुद्री खाद्यान व्यापार में बदलते हुए परिदृश्य को देखते हुए, जहां उपभोक्ता समुद्री खाद्यान संसाधनों का दोहन करने में अपनाई जा रही खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता प्रणालियों के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं, हमें भविष्य में इन महत्वपूर्ण मसलों की ओर भी ध्यान देना होगा जिसमें तटीय जलकृषि प्राधिकरण की भूमिका महत्वपूर्ण होगी जिससे बेहतर भविष्य के लिए विभिन्न विनियामक उपायों के अनुपालन का सुनिश्चय किया जा सकेगा।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण केन्द्रीय कृषि मंत्री, कृषि राज्य मंत्री, सचिव, पशुपालन, डेरी और मत्स्य पालन विभाग तथा संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी) के मार्गदर्शन में मात्स्यिकी प्रभाग के स्टाफ के प्रति तथा तटीय जलकृषि में शामिल वैज्ञानिक बिरादरी के प्रति इस बात के लिए अपना आभार प्रकट करता है कि उन्होंने हमारी सभी विभिन्न कार्ययोजनाओं में अपना समर्थन और सहयोग दिया।

(न्यायमूर्ति के. रविराजा पांडियन)

I. प्राधिकरण की संरचना, प्रचालनात्मक लक्ष्य और उद्देश्य

तटीय क्षेत्रों में तटीय जल कृषि से संबद्ध कार्यकलापों को विनियमित करने और इससे संबंधित अथवा इसके आनुषंगिक मामलों के लिए तटीय जल कृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के तहत तटीय जल कृषि प्राधिकरण को स्थापित किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि तटीय जल कृषि से तटीय पर्यावरण को कोई क्षति न पहुंचे और उत्तरदायी जल कृषि की अवधारणा को बढ़ावा मिले। तटीय जल कृषि से अभिप्राय तटीय क्षेत्रों में झींगी, झीना, मछली के तालाबों, पेंस, बाड़ों अथवा अन्यथा या लवणीय या खारे पानी में अन्य जलीय जीवन में नियंत्रित परिस्थितियों के तहत कृषि करना है; परन्तु स्वच्छ जल की जल कृषि शामिल नहीं होती है। तटीय क्षेत्र से अभिप्राय समुद्रों, नदियों, संकरी खाड़ियों और अप्रवाही जल की हाई टाइड लाइन (एचटीएल) से दो किमी. की दूरी के भीतर की भूमि के क्षेत्र से है। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य तटीय पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना वहनीय विकास को प्रोत्साहित करना है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि उत्तरदायी तटीय जल कृषि की अवधारणा का अनुपालन किया जाए।

1. वर्ष 2012–2013 के दौरान प्राधिकरण की संरचना

क. 1 अप्रैल से 25 जून, 2012 तक प्राधिकरण की संरचना

(i) **अध्यक्ष**
(उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त/वर्तमान न्यायाधीश) ... रिक्त

(ii) **डॉ. ए. पोन्नय्या** ... सदस्य
निदेशक
केन्द्रीय खारा जल जलकृषि संस्थान (सीआईबीए), चेन्नै
(तटीय जलकृषि के क्षेत्र में विशेषज्ञ)

(iii) **श्री पी. मदेश्वरन** ... सदस्य
वैज्ञानिक 'एफ'
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार
(तटीय पारिस्थितिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञ)

(iv) **डॉ. डी. डी. बसु** ... सदस्य
वरिष्ठ वैज्ञानिक, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, नई दिल्ली
(पर्यावरण संरक्षण/प्रदूषण के क्षेत्र में विशेषज्ञ)

(v) **श्री तरूण श्रीधर, आईएएस** ... सदस्य
संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी)
पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्यपालन विभाग
(कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(vi) **सुश्री लीना नायर, आईएएस** ... सदस्य
अध्यक्ष, समुद्री उत्पाद
निर्यात विकास प्राधिकरण, कोच्चि
(वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार की प्रतिनिधि)

(vii) **श्री सत्यब्रत साहू, आईएएस** ... सदस्य
आयुक्त एवं सचिव
(मात्स्यिकी विभाग और पशु संसाधन विभाग), ओडीसा सरकार
(उडीसा राज्य के प्रतिनिधि)

(viii) **श्री ए. एस. डागर, डीएएनआईसीएस** ... सदस्य
सचिव (मात्स्यिकी, कृषि, मात्स्यिकी, पशुपालन तथा पशु चिकित्सा
सेवा विभाग, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का केन्द्र शासित प्रदेश
(अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के केन्द्र शासित प्रदेश के प्रतिनिधि)

(ix) **श्री पी. के. मोहन्ती, आईएएस** ... सदस्य
अपर मुख्य सचिव (मात्स्यिकी)
श्री के. आर. ज्योथि लाल, आईएएस/सुश्री इशिता राय, आईएएस
डा. ए. जयंथीलाल, आईएएस
सचिव (मात्स्यिकी)
केरल सरकार
केरल सरकार के प्रतिनिधि

(x) **श्री पीताम्बर एम टंडेल** ... सदस्य
कारवार, कर्नाटक
कर्नाटक राज्य के प्रतिनिधि

(xi) **डॉ. आर. पॉल राज** ... सदस्य सचिव
(केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त सदस्य)

B. 26 जून, 2012 से 31 मार्च, 2013 तक प्राधिकरण की संरचना

(i) **अध्यक्ष**
(उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त/वर्तमान न्यायाधीश) ... रिक्त

(ii) **डॉ. पी. रविचन्द्रन** ... सदस्य
प्रधान वैज्ञानिक,
केन्द्रीय खारा जल जलकृषि संस्थान, चेन्नै
(जल कृषि के क्षेत्र में विशेषज्ञ)

(iii) **डॉ. आर. किरुभागरन** ... सदस्य
वैज्ञानिक 'एफ', राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान, चेन्नै
(तटीय पारिस्थितिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञ)
(पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(iv) **डॉ. सुश्री मंजू रैना** ... सदस्य
निदेशक (सीपी प्रभाग)
पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार
(पर्यावरण संरक्षण/प्रदूषण के क्षेत्र में विशेषज्ञ)

(v) **श्री तरूण श्रीधर, आईएएस** ... सदस्य
संयुक्त सचिव (मात्स्यिकी)
पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्यपालन विभाग
(कृषि मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(vi) **श्री डी. एस. धेसी/असित कुमार त्रिपाठी, आईएएस** ... सदस्य
संयुक्त सचिव, वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार
(वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि)

(vii) **डॉ. डी. एच. ब्रम्हभट्ट, आईएएस** ... सदस्य
सचिव (मात्स्यिकी)
गुजरात सरकार, (गुजरात राज्य के प्रतिनिधि)

(viii) **श्री के. प्रवीन कुमार, आईएएस** ... सदस्य
मात्स्यिकी आयुक्त,
आंध्र प्रदेश सरकार (आंध्र प्रदेश सरकार के प्रतिनिधि)

(ix) **श्री सुदेश कुमार दास, आईएएस** ... सदस्य
अपर मुख्य सचिव, मात्स्यिकी, जल कृषि,
जलीय संसाधन और मत्स्य ग्रहण स्थल विभाग
(पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिनिधि)

(x) **श्री गगनदीप सिंह बेदी, आईएएस** ... सदस्य
सचिव (मात्स्यिकी), तमिलनाडु सरकार,
पशुपालन, डेयरी और मात्स्यिकी विभाग, चेन्नै
(तमिलनाडु सरकार के प्रतिनिधि)

(xi) **डॉ. आर. पॉल राज** ... सदस्य सचिव
(केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त सदस्य)

2. प्राधिकरण के लक्ष्य तथा उद्देश्य

प्राधिकरण के लक्ष्य एवं उद्देश्य केन्द्र सरकार द्वारा 'तटवर्ती क्षेत्रों के रूप में' अधिसूचित क्षेत्रों से तटीय जलकृषि गतिविधियों को तथा इससे संबंधित सभी मामलों को विनियमित करना है। प्राधिकरण को तटवर्ती क्षेत्रों में जलकृषि फार्मों के निर्माण और संचालन के लिए विनियमन बनाने और फार्मों तथा हेचरियों के पर्यावरणीय प्रभाव का आंकलन करने के लिए एल.वेन्नामई हेतु फर्मों तथा हैचरियों का निरीक्षण करने, जलकृषि फर्मों और हेचरियों का पंजीकरण करने, प्रदूषण फैलाने वाले तटवर्ती जलकृषि फार्मों को हटाने अथवा नष्ट करने तथा तटीय जलकृषि में सभी तटीय जलकृषि आगतों जैसे बीज, बीजवृद्धि उपकरण, तटीय जलकृषि में प्रयुक्त रसायनों आदि के लिए मानकों को तय करने की शक्ति दी गई है।

3. प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य

प्राधिकरण की शक्तियां तथा कार्य सीएए अधिनियम, 2005 के चौथे अध्याय तथा इसके तहत बनाए गए नियम एवं 2008 में अधिसूचित तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा बनाए गए विनियमों में विनिर्दिश्ट है। सीएए अन्य बातों के साथ–तटीय जलकृषि क्षेत्र के सुव्यवस्थित तथा सतत विकास के लिए विनियम बनाता है ताकि गतिविधि में संलग्न विभिन्न अंशधारकों के सामाजिक–आर्थिक लाभ के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा समाज स्वीकृत तटीय जलकृषि की ओर उन्मुख हुआ जा सके।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण का प्रमुख दायित्व देश में अधिसूचित क्षेत्रों के भीतर बीज उत्पादन और एल.वेन्नामई के फार्मों में शामिल अथवा शामिल होने जा रहे सभी प्रकार के तटीय खारा और लवणीय जल जलकृषि फार्मों और हेचरियों का पंजीकरण सुनिश्चित करना है। यह एक सतत प्रक्रिया है। सभी पात्र जलकृषि फार्मों का पंजीकरण करने के लिए प्राधिकरण द्वारा कई उपाय आरंभ किए गए हैं । तटीय क्षेत्रों में जलकृषि करने वाले सभी व्यक्तियों के लिए यह अनिवार्य है कि वे तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम और नियम में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार अपने फर्म का तटीय जलकृषि प्राधिकरण में पंजीकरण कराएं। पंजीकरण पांच वर्षों की अवधि के लिए किए जाते हैं जो आगे समय–समय पर नवीनीकृत किए जा सकते हैं । भविष्य में तटीय जलकृषि गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए पंजीकरण प्रक्रियाओं को नए फार्मों के लिए तथा मरम्मत किए जाने वाले पुराने फार्मों के लिए जारी रखा जाएगा।

तटीय विनियम जोन के भीतर हाई टाइड लाइन और खाड़ियों में नदियों तथा पश्च जल से 200 मीटर के भीतर जलकृषि की अनुमति नहीं है। तथापि, यह शर्त तटीय जलकृषि प्राधिकरण अधिनियम, 2005 के विधिकरण से पहले स्थापित मौजूदा फार्मों तथा सरकार अथवा सरकार के किसी भी अनुसंधान संस्थान द्वारा संचालित गैर–वाणिज्यिक तथा प्रयोगात्मक जलकृषि फार्मों पर लागू नहीं है। यद्यपि ऐसे सभी फार्म तटीय जलकृषि प्राधिकरण के पास पंजीकृत होने चाहिए। ऐसे प्राधिकरण के बिना किसी व्यक्ति द्वारा तटीय जलकृषि करने पर उसे अधिनियम के अनुच्छेद 14 में यथा–निर्धारित कारावास का दंड जिसे तीन वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है, या जुर्माना अदा करना पड़ेगा जिसे एक लाख रूपए तक बढ़ाया जा सकता है या दोनों दंड भुगतने पड़ेंगे।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण की सभी मामलों में सहायता, संबंधित तटीय जलकृषि फार्मों के पंजीकरण में, राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) एवं जिला स्तरीय समितियों द्वारा की जाती है। 2 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र वाले फार्मों के मामले में, डीएलसी, संतुष्ट होने पर, पंजीकरण हेतु विचार करने के लिए सीएए को सीधे आवेदनों की सिफारिश करेंगे; और 2 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र से बड़े फार्मों के मामले में, डीएलसी मानकों के सत्यापन की पुष्टि करने के लिए फार्मों का निरीक्षण करेंगे और एसएलसी को आवेदनों की सिफारिश करेंगे, जो संतुष्ट होने पर, पंजीकरण के लिए सीएए को इनकी सिफारिश करेंगे।

सीएए के निम्नलिखित शक्ति एवं कार्य भी हैं:

- यह सुनिश्चित करना कि तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले तटवर्ती समुदाय की आजीविका को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कृषि भूमि, लवण पटल जमीन, कच्छीय वन, नम जमीन, वन भूमि, गांव की आम प्रयोजन की भूमि तथा सार्वजनिक प्रयोजन की भूमि और राष्ट्रीय उद्यानों तथा मृग वनों को जलकृषि फार्मों में परिवर्तित न किया जाए;
- समूचे तटीय क्षेत्र का सर्वेक्षण करना तथा पारिस्थिकीय अनुकूल विकास हासिल करने के लिए उचित नीति तैयार करने हेतु केन्द्रीय सरकार तथा राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह एवं समर्थन देना;
- सामान्य अवसंरचना लाइन, सामान्य जल अंतर्ग्रहण, निकासी नहर एवं सार्वजनिक बहिस्राव उपचार प्रणाली के निर्माण के लिए राज्य/संघ क्षेत्र सरकारों को सलाह एवं समर्थन देना;
- बीज, आहार, वृद्धि संवर्धकों तथा जल निकायों एवं पाले गए जीवों एवं अन्य जलजीव के रखरखाव के लिए प्रयुक्त रसायनों के लिए मानक निर्धारित करना;
- पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अध्ययनों/योजनाओं को आरम्भ करना या अन्वेषणों को प्रायोजित करना और पर्यावरण अनुकूल प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन;
- तटीय जलकृषि से संबंधित आंकड़ों एवं अन्य वैज्ञानिक तथा सामाजिक–आर्थिक सूचना एकत्रित एवं वितरित करना;
- तटीय जलकृषि के सतत विकास एवं तटीय जलकृषि के क्रियाकलापों से संबंधित सामग्री तैयार करना;
- तटीय संसाधनों की सतत उपयोगिता तथा न्याय संगत एवं उचित हिस्सेदारी के संबंध में प्रचार करना तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना;
- तकनीकी मैनुअल तैयार करने के लिए विभिन्न तकनीकी समितियां, उप–समितियां, कार्य दल आदि गठित करना;
- तटीय पर्यावरणीय पर होने वाले प्रभावों को कम से कम करने के लिए आवश्यक परिवर्तन लाने के लिए फार्म के मालिकों को निर्देश देना;

- सततता को सुनिश्चित करने के लिए; या पर्यावरणीय चिरस्थाईता को बनाए रखने के हित में एवं तटीय पर्यावरण के हित में आजीविका के संरक्षण के लिए मौसमी बंदी का आदेश देना;
- किसी भी व्यक्ति द्वारा गलत सूचना देकर या पंजीकरण के प्रमाण–पत्र में उल्लिखित शर्तों या उन नियमों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करके प्राप्त किए गए पंजीकरण को रद्द करना;
- तटीय जलकृषि से संबंधित मसलों को निपटाना जिनमें ऐसे मसले भी शामिल हैं जिन्हें केन्द्र सरकार को संदर्भित किया जाना है।
- समय–समय पर दिशा–निर्देशों में संशोधन करने के लिए सरकार को उचित सिफारिशें देना।

4. एसपीएफ लिटोपिनस वेन्नामई पालन का भारत में विनियमन

पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार ने पशुधन आयात अधिनियम, 1898 (पशुधन आयात अधिनियम, 2001 द्वारा यथा संशोधित) के तहत जारी 15.10.2008 की अधिसूचना द्वारा तटीय जलकृषि प्राधिकरण को एसपीएफ एल. वेन्नामई के ब्रूड स्टॉक के आयात के लिए अनुमति देने के लिए प्राधिकृत किया है। राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, केन्द्रीय खाराजल जलकृषि संस्थान और समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के परामर्श से तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ता चुने जाते हैं। उक्त अधिसूचना में शामिल उक्त दिशा–निर्देश में संगरोध के लिए जैव सुरक्षा अपेक्षाएँ, आयात परमिट, प्रवेश के लिए बंदरगाह, पूर्व–संगरोध अपेक्षाएं, संक्रमणयुक्त प्रक्रिया इत्यादि का विवरण दिया गया है।

तटीय जलकृषि (संशोधन) नियम, 2009 से एल. वेन्नामई की शुरूवात करने के लिए हैचरियों और फार्मों को विनियंत्रित करने के लिए दिशा–निर्देश जारी किए गए थे। इन दिशा–निर्देशों में वेन्नामई नस्ल के अनुप्रयोग के लिए मानक, तकनीकी आवश्यकताएं, एसपीएफ एल. वेन्नामई के उत्पादन और बिक्री के लिए प्रक्रिया शामिल है और फार्मों के अनुमोदन और प्रचालन के लिए मानक और विनयम विनिर्दिष्ट हैं।

हैचरी संचालकों और झींगा कृषकों के सुचारू प्रचालन के लिए, भारत सरकार ने वयस्क ब्रूडस्टाक पालन के लिए 10 ग्राम तक एन. वेन्नामई के एसपीएफ बच्चों के आयात, अनुमति प्राप्त हैचरियों से नोपली की बिक्री, पर्याप्त सूखा काल के बाद एक प्रजाति से दूसरे प्रजाति में पालन को बदलने के लिए अनुमति प्रदान करते हुए मार्च, 2012 में अधिसूचना के तहत सीएए नियम, 2005 में और आगे संशोधन किया है। इस अधिसूचना से अप्राधिकृत बीज उत्पादन से निपटने की निरीक्षण प्रक्रिया और सीएए के टीम निरीक्षण द्वारा अप्राधिकृत स्टाक को नष्ट करने के जरिए एल. वेन्नामई पालन को भी सुदृढ़ किया गया।

तटीय जलकृषि प्राधिकरण एल. वेन्नामई पालन आरंभ करने के लिए हैचरियों एवं फार्मों को अनुमति प्रदान करने में इस उद्यम के सतत विकास के लिए संपूर्ण प्रचालन के निरीक्षण और मानिटरिंग में सावधानीपूर्वक अनुपालन कर रहा है।

II. लक्ष्य तथा कार्य निष्पादन

1. वार्षिक लक्ष्य

- क्रियान्वयन के लिए निर्णय लेने हेतु प्राधिकरण की प्रत्येक दो महीनों में कम से कम एक बैठक आयोजित करना।
- तटीय जल कृषि फार्मों का पंजीकरण तथा उनका नवीनीकरण एक सतत प्रक्रिया है जिसका न तो लक्ष्य निर्धारित किया जा सकता है और न ही परिणाम बताया जा सकता है। जिला स्तरीय समितियों (डीएलसी) और राज्य स्तरीय समितियों (एसएलसी) से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर अगले एक वर्ष के दौरान अतिरिक्त 3000 तटीय जलकृषि फार्मों को पंजीकृत किए जाने की संभावना।
- वर्ष 2012–13 के लिए लगभग 2000 हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को कवर करने के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन का विस्तार जिसमें एक वर्ष में लगभग 20,000 मीट्रिक टन प्रत्याशित अतिरिक्त उत्पादन किया जाएगा।
- तकनीकी समिति की बैठक में ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं की समीक्षा और चयन। यह चयन ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं की संख्या को बढ़ाने के लिए समीक्षा कार्यशालाओं की सिफारिश के आधार पर किया जाए।
- ब्रूडस्टॉक के आयात और एसपीएफ बीज के उत्पादन के लिए पर्याप्त जल सुरक्षा सुविधाओं के साथ उत्तरव्यापी हैचरियों के स्वामियों की सूची तैयार करने से पहले आवेदन आमंत्रित करने के लिए सीएए द्वारा अनुमोदित सार्वजनिक सूचना जारी की जाएगी।
- बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए समीक्षा बैठकों की सिफारिशों के अनुसार तकनीकी समिति द्वारा एल. वेन्नामई के ब्रूडस्टॉक की आवश्यकता हैचरी क्षमता और एल. वेन्नामई पालन के लिए पालन क्षेत्र का पता लगाया जाएगा।
- कृषकों से प्राप्त सभी आवेदन–पत्रों को प्रक्रम में लाना, जो पी. मोनोडान, एसपीएफ, एल. वेन्नामई या किसी अन्य प्रजाति को अपने फार्म में अपेक्षित और उपयुक्त जैव सुरक्षा सुविधा और अपशिष्ट उपचार प्रणाली सृजित करते हुए पालन करना चाहते हैं और तत्पश्चात पंजीकरण तथा/या अनुमति प्रमाण–पत्र जारी करना।
- बीज उत्पादन और एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रक्रिया बिना किसी विलंब के आरंभ की जाएगी।
- इस प्रयोजन के लिए अन्य सुविधाओं के साथ–साथ जैव सुरक्षा अपेक्षाओं को सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण दल द्वारा हैचरियों और फार्मों का निरीक्षण किया जाएगा।
- निरीक्षण दल द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर मंजूरी प्रदान करने के लिए प्राधिकरण द्वारा अपनी नियमित बैठक में विचार करना।

- हैचरियों और फार्मों की निगरानी सावधिक रूप से करना और अनुमोदन की शर्तों का उल्लंघन करने पर उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।
- तटीय जलकृषि प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित जल गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करने के लिए ईटीएस से निकलने वाले अपशिष्ट जल की गुणवत्ता नमूना प्राप्त करना एवं परीक्षण करना।
- पालकों को हैचरियों के पंजीकरण, एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन और क्रेब फार्मिंग तथा प्रतिबंधित दवाओं के मुद्दों और अन्य महत्वपूर्ण बातों के विषय में जागरूक बनाने के लिए जब कभी आवश्यक हो, तटवर्ती राज्यों में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- सतत कृषि प्रक्रियाओं को दर्शाते हुए तटीय जलकृषि से संबंधित कार्यशाला और प्रदर्शिनियों में भाग लेना।
- पणधारियों को वितरित करने के लिए जलकृषि की अच्छी प्रणाली पर ब्रॉशर/हैंड आउट तैयार करना।

2. निष्पादन की संक्षिप्त समीक्षा

- अप्रैल 2012 और मार्च 2013 के बीच प्राधिकरण की चार बैठकें आयोजित की गई थीं । एसएलसी/डीएलसी से प्राप्त 2216 पंजीकरण के लिए आवेदन–पत्रों पर अनुमोदित करने के लिए विचार किया गया था। प्राधिकरण में 1835 आवेदनों को अनुमोदित किया और शेष को संशोधन के लिए डीएलसी/एसएलसी को वापस भेज दिया गया।
- सीएए द्वारा सभी 1835 फार्मों को पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी किया।
- निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर तटीय जलकृषि प्राधिकरण के अनुमोदन से 9 आपूर्तिकर्ताओं से एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक के आयात के लिए वर्ष 2011–12 के दौरान 31 हैचरियों को अनुमति प्रदान की गई और पहले ही अनुमोदित 74 हैचरियों का अनुमति नवीनीकरण कर दिया गया।
- एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए फार्मों से प्राप्त आवेदनों की जांच और निरीक्षण दल की रिपोर्ट के आधार पर 2514.51 हेक्टेयर कुल क्षेत्र (1746.18 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र) युक्त 334 फार्मों को इस वर्ष एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन की अनुमति जारी की गई ।
- इस वर्ष के दौरान अनुमोदित हैचरियों द्वारा लगभग 7,500 से 8,500 मिलियन (अनुमानित) पोस्ट–लार्वा एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पादन किया गया जिसकी आपूर्ति पंजीकृत झींगा किसानों को कर दी गई ।
- तकनीकी मूल्यांकन समिति 16 फरवरी, 2013 को मिले और अखिल भारतीय झींगा हैचरी संगठन के साथ ब्रूडस्टॉक और बीज उत्पादन के वार्षिक आवश्यकताओं पर विशेष रूप से ब्रूडस्टॉक आयात के संबंध में विभिन्न मुद्दों पर आपसी संपर्क बनाया।
- वर्ष 2012–13 के दौरान आयात के लिए सीएए द्वारा कुल 66,360 जोड़े ब्रूडस्टॉक को अनुमोदित किया गया था।

- एल. वेन्नामई के गैर–कानूनी बीज उत्पादन के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर निरीक्षण दल द्वारा गैर–अनुमोदित हैचरियों पर कुल 83 दौरे किए गए थे। दल ने 26 हैचरियों में एल. वेन्नामई को ब्रूडस्टॉक और लार्वाल चरण में पाया था तथा इन 26 हैचरियों में पाए गए गैर–कानूनी ब्रूडस्टॉक और लार्वाल को नष्ट कर दिया गया था।

- आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और गुजरात राज्यों में पांच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे जिनमें इन राज्यों के 228 किसानों तथा राज्य मात्स्यिकी कर्मचारियों ने भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई को शुरू करने के लिए हैचरियों तथा फार्मों को विनियमित करने के लिए कृषि, लक्ष्य, उद्देश्य, सत्य तथा सीएए के कार्यों, एंटीबायोटिक अवशेष, उत्तरदायी जलकृषि तथा दिशा–निर्देशों से संबंधित सीएए अधिनियम, 2005 के मुख्य संदर्भों की व्याख्या की गई थी और मातृभाषा में हैंडआउट्स वितरित किए गए थे।

- तटीय क्षेत्रों की जनसंख्या की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर एल. वेन्नामई जलकृषि के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में एल. वेन्नामई हैचरियों और फार्मों में सर्वेक्षण किया गया था। इसके साथ–साथ आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में 52 अनुमत हैचरियों और फार्मों में सर्वेक्षण किया गया था। सर्वेक्षण के दौरान उत्पादन सुविधाओं की जांच की गई थी और अनुरक्षित अभिलेखों को भी सत्यापित किया गया था।

- आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में अनुमोदित हैचरी प्रचालकों के परिसंघ द्वारा प्रस्तावित स्थलों की अतिरिक्त संगरोध सुविधाओं को स्थापित करने के लिए उनकी उपयुक्तता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से सीआईबीए, एनएफडीबी, एक्यूएंडसीएफ, डीएएचडीएंडएफ तथा एआईएसएचए के सदस्यों के साथ सीएए द्वारा समन्वित समिति द्वारा निरीक्षण किया गया था।

- नेल्लौर और भीमावरम क्षेत्रों में औपचारिक रूप से चयनित फार्मों में सीआईबीए के वैज्ञानिकों के साथ सीएए द्वारा सर्वेक्षण किया गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या ईएमएस (अर्ली मोर्टेलिटी सिंड्रोम) एएचपीएनएस (एक्यीट हेपाटोपैंक्रिएटिक निक्रोसिस सिंड्रोम) के कारण अर्ली मोर्टेलिटी होती है अथवा नहीं । यह पाया गया था कि वायरल संक्रमण के कारण इन क्षेत्रों में मोर्टेलिटी प्राथमिक रूप में थी और वहां विशेष ईएमएस/एएचपीएनएस का चिह्न नहीं था, जिसका वर्णन अन्य देशों में किया गया है।

- उत्तरदायी मात्स्यिकी के लिए एफएओ की आचार संहिता के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर विचार–विमर्श करने के लिए भारत में एफएओ के प्रतिनिधि डॉ. पीटर के. केनमोरे और श्री जेम्स ए. हार्वे, राजदूत एफएओ, रोम के युनाइटेड किंगडम के स्थायी प्रतिनिधि के दिनांक 24–05–2012 को चेन्नै यात्रा के दौरान विभिन्न संगठनों के वैज्ञानिकों और अन्य पणधारियों को शामिल करते हुए सीएए द्वारा एक बैठक समन्वित की गई थी ।

III. क. क्रियाकलाप व उपलब्धियां

1. प्राधिकरण की बैठक और प्राधिकरण द्वारा समितियों का गठन

चालू वर्ष अर्थात् अप्रैल 2012–मार्च 2013 के दौरान सीएए में विशिष्ट उद्देश्यों के लिए अन्य बैठकें के अलावा चार नियमित बैठकें की। बैठकों व उनमें लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों का संक्षिप्त ब्यौरा सारणी –1 में दर्शाया गया है। पंजीकरण के लिए दिए गए आवेदनों को स्वीकृति प्रदान करने के अलावा प्राधिकरण ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे हैचरियों की पंजीकरण प्रक्रिया की समीक्षा, प्रतिबंधित एंटिबायोटिक्स का प्रयोग करने वाले फार्मों एवं हैचरियों के विरूद्ध दण्डात्मक उपाय, गैर अनुमोदित एल. वेन्नामई उत्पादन करने वाले फार्मों और हैचरियों के विरूद्ध कार्रवाई, जैव सुरक्षा और ईटीएस सुविधाओं आदि का पता लगाने के लिए 5 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र तक एसपीएफ एल. वेन्नामई फार्मों के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय दल (डीएसटी) का गठन करना, फार्मों और हैचरियों से निकले गंदे जल रिसाव की निगरानी आदि पर विचार–विमर्श किया।

प्राधिकरण की बैठकें प्रगति पर हैं

तालिका 1 तटीय जलकृषि प्राधिकरण की बैठक (अप्रैल 2012 से मार्च 2013)

बैठकें	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
सैंतीसवीं बैठक	31 मई, 2013 चेन्नै	• 933 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया। • 16 हैचरियों द्वारा एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक आयात और बीज उत्पादन के लिए अनुमति दी गई । • एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए 105 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए–539.77 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई । • आंध्र प्रदेश के नेल्लौर जिले में एक हैचरी और तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में तीन हैचरियों द्वारा सीएए नामांकन के बिना एल. वेन्नामई बीज उत्पादन में उल्लंघन की सूचना देने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों को लिखने और सीएए अधिनियम तथा नियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के लिए संकल्प । • वित्त वर्ष 2012–13 के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई के ब्रूडस्टॉक की वार्षिक आवश्यकता को हल करने का संकल्प किया गया और 2012–13 के लिए ब्रूडस्टॉक के आबंटन के लिए वर्ष 2011–12 हेतु सीएए द्वारा यथा अनुमोदित फार्मूला को जारी रखने का निर्णय लिया गया।
अड़तीसवीं बैठक	26 सितंबर, 2012 नई दिल्ली	• 205 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदन प्रदान किया गया। • एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक के आयात और बीज उत्पादन के लिए 9 हेचरियों को अनुमति प्रदान की गई । • एसपीएफ एल. वेन्नामई संवर्धन (डब्ल्यूएसए – 560.04 हेक्टेयर) के लिए 131 झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान की गई । • 2011–12 के लिए सीएए का वार्षिक प्रतिवेदन अनुमोदित किया गया । • सीएए द्वारा प्राधिकृत निरीक्षण दल के अनुमोदन पर आन्ध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में सीबास के लिए एक फिनफिश हैचरी के पंजीकरण के लिए अनुमति प्रदान की गई । • झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 8 आवेदनों का अनुमोदन किया गया । • अपने फार्मों के पंजीकरण का नवीनीकरण कराने की आवश्यकता के संबंध में तटीय किसानों को याद दिलाने के लिए समाचार–पत्रों में एक और विज्ञापन जारी करने का संकल्प।

बैठकें	तारीख और स्थान	बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय
39वीं बैठक	04 दिसंबर, 2012 नई दिल्ली	• 441 झींगा फार्मों के पंजीकरण का अनुमोदित किया गया । • एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक और बीज उत्पादन के आयात के लिए 6 हैचरियों को अनुमति प्रदान की गई । • एसपीएफ एल. वेन्नामई के संवर्धन के लिए 57 झींगा फार्मों (डब्ल्यूएसए–383.60 हेक्टेयर) को अनुमति प्रदान की गई । • समापन में विचार करने से पूर्व अनाधिकृत कार्यकलापों (पंजीकृत तथा गैर–पंजीकृत दोनों) में शामिल फार्मों और हैचरियों को पहले कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। • झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 4 आवेदन–पत्र अनुमोदित किए गए ।
40वीं बैठक	19 मार्च, 2013 चेन्नै	• 256 झींगा फार्मों के पंजीकरण को अनुमोदित किया गया। • 5 झींगा फार्मों के पंजीकरण के नवीनीकरण को अनुमोदित किया गया। • एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक के आयात और बीज उत्पादन के लिए 13 हैचरियों को अनुमति प्रदान की गई । • एसपीएस एल. वेन्नामई के संवर्धन के लिए 41 (डब्ल्यूएसए–316.77) झींगा फार्मों को अनुमति प्रदान की गई । • गैर कानूनी एल. वेन्नामई उत्पादन के लिए 7 हैचरियों को समापन आदेश जारी करने का और समापन आदेश को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों को लिखित आदेश देने का निर्णय लिया गया । • पर्यावरणीय निगरानी कार्यक्रम में एक परामर्शदात्रा को शामिल करने का निर्णय लिया गया । • झींगा संवर्धन कार्यकलापों को पैडी क्षेत्रों में समायोजित करने के कारण आंध्र प्रदेश के, चिरालामण्डल, प्रकाशम जिले के विजयलक्ष्मीपुरम के ग्रामीणों की शिकायत निवारण के आधार पर 5 झींगा फार्मों के पंजीकरण को रद्द करने का निर्णय लिया गया ।

2. झींगा फार्मों का पंजीकरण

- राज्य और जिला स्तरीय समितियों, जिन्हें इसी कार्य के लिए गठित किया गया है, उनकी सिफारिशों पर झींगा फार्मों का पंजीकरण कार्य सीएए द्वारा किया गया एक महत्वपूर्ण कार्य है। प्राधिकरण ने हर दो महीने में एक बार नियमित रूप से हुई अपनी बैठक में झींगा फार्मों के पंजीकरण के लिए जिला स्तरीय समितियों और

राज्य स्तरीय समितियों द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों पर विचार किया और मार्च, 2013 तक (सीएए के आरंभ होने से) सभी 12 समुद्रतटीय राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में झींगा किसानों को 26,118 पंजीकरण प्रमाण–पत्र अनुमोदित किए गए तथा जारी किए। सभी समुद्रतटीय राज्यों में प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण–पत्र की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण सारिणी 2में दिया गया है और प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत राज्यवार और क्षेत्रवार फार्मों को दर्शाने वाला चार्ट भी चित्र 1 और चित्र 2 में दिया गया है ।

तालिका 2 : सीएए द्वारा 40वीं बैठक (दिसंबर 2005 – मार्च 2013) तक जारी किए गए पंजीकरण प्रमाण–पत्रों का विवरण

क्र. सं.	राज्य का नाम	कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 - 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	पश्चिम बंगाल	1,718	165	6	0	0	**1,889**
2	ओडीशा	4,347	419	27	10	0	**4,803**
3	आंध्र प्रदेश	14,544	1,018	113	51	9	**15,735**
4	तमिल नाडु	886	597	128	19	1	**1,631**
5	पुदुचेरी	5	1	0	0	0	**6**
6	केरल	576	164	15	3	0	**758**
7	कर्नाटक	255	41	2	2	0	**300**
8	गोवा	19	14	1	2	0	**36**
9	महाराष्ट्र	80	112	23	18	6	**239**
10	गुजरात	139	555	8	1	2	**705**
11	दमन एवं दीव	0	12	0	0	0	**12**
12	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	3	1	0	0	0	**4**
	कुल	**22,572**	**3,099**	**323**	**106**	**18**	**26,118**



चित्र 1 सभी तटीय राज्यों में फार्मों (राज्यवार) का नामांकन दिसंबर, 2005 से मार्च, 2013 तक



चित्र 2 सभी तटीय राज्यों में फार्मों (क्षेत्रवार) का नामांकन दिसंबर, 2005 से मार्च, 2013 तक

- वर्ष 2012–13 के दौरान प्राधिकरण में 1835 आवेदनों पर विचार किया और अनुमोदन किया। अप्रैल, 2012 से मार्च, 2013 तक पंजीकरण प्रमाण–पत्र किसानों को सीधे जारी किए गए थे और सुपुर्द न किए जाने के कारण वापस लौटे प्रमाण–पत्रों को किसानों को जारी किए जाने लिए राज्यों के एसएलसी के सदस्य संयोजकों को भेज दिया गया था।
- सभी 12 तटीय राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्राधिकरण द्वारा जारी किए नामांकन–पत्रों की कुल संख्या को दर्शाने वाला विवरण तालिका 3 में दिया गया है। प्राधिकरण के पास पंजीकृत फार्मों (राज्यवार और क्षेत्रवार) के ब्यौरे को दर्शाने वाली सारिणी आंकड़ों 3 और 4 में दी गई है।
- पंजीकृत फार्मों के ब्यौरे भी प्राधिकरण की वेबसाइट में अंत्य उपयोगकर्ता के लिए उपलब्ध कराए गए हैं जिसका नियमित तौर पर अद्यतन किया जा रहा है।

तालिका 3 : वर्तमान वर्ष (अप्रैल 2012 – मार्च 2013) के दौरान प्राधिकरण द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण–पत्रों के ब्यौरे

क्र. सं.	राज्य का नाम	कुल क्षेत्र (हेक्टेयर)					
		0 - 2.00	2.01 - 5.00	5.01 - 10.00	10.01 – 40.00	40.00 से अधिक	कुल
1	पश्चिम बंगाल	385	2	0	0	0	**387**
2	ओडीशा	498	48	0	0	0	**546**
3	आंध्र प्रदेश	622	23	9	3	0	**657**
4	तमिल नाडु	36	0	0	0	0	**36**
5	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	**0**
6	केरल	126	67	2	1	0	**196**
7	कर्नाटक	2	5	0	0	0	**7**
8	गोवा	0	0	0	0	0	**0**
9	महाराष्ट्र	0	0	0	0	0	**0**
10	गुजरात	0	6	0	0	0	**6**
11	दमन एवं दीव	0	0	0	0	0	**0**
12	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	0	0	0	0	0	**0**
	कुल	**1,669**	**151**	**11**	**4**	**0**	**1,835**



चित्र 3 वर्ष 2012–13 के दौरान सभी तटीय राज्यों में फार्मों (राज्यवार) का नामांकन



चित्र 4 सभी तटीय राज्यों में फार्मों (क्षेत्रवार) का नामांकन दिसंबर, 2005 से मार्च, 2013 तक

- 12 समुद्रतटीय राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों में से वर्ष के दौरान केवल 7 राज्यों में प्राधिकरण के पास झींगा फार्मों का पंजीकरण किया गया, जिसके क्षेत्रवार ब्यौरे सारिणी में **आंकड़े 5 से 11** के रूप में नीचे दिए गए हैं ।

पश्चिम बंगाल



क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	385
2.01 - 5.00	2
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

ओडीशा

क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	498
2.01 - 5.00	48
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0



आंध्र प्रदेश



क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	622
2.01 - 5.00	23
5.01 - 10.00	9
10.01 - 40.00	3
40.00 से अधिक	0

तमिल नाडु



क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	36
2.01 - 5.00	0
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

केरल

क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	126
2.01 - 5.00	67
5.01 - 10.00	2
10.01 - 40.00	1
40.00 से अधिक	0



कर्नाटक



क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	2
2.01 - 5.00	5
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0

गुजरात

क्षेत्र (है.)	फार्मों की संख्या
0 - 2.00	0
2.01 - 5.00	6
5.01 - 10.00	0
10.01 - 40.00	0
40.00 से अधिक	0



3. पंजीकरणों का नवीनीकरण

वर्ष 2012–13 के दौरान कुल 19 फार्मों, जिसके तहत कुल 36.67 हेक्टेयर क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 25.56 हेक्टेयर) शामिल हैं, को (तमिलनाडु में 14 और आंध्र प्रदेश में 5) पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए अनुमोदित किया गया था । अपने फार्मों के पंजीकरण का नवीनीकरण करने की आवश्यकता के संबंध में तटीय किसानों को याद दिलाने के लिए समाचार–पत्रों में दो विज्ञापन जारी किए गए थे ।

4. एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन

(i) एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक आपूर्तिकर्ताओं का चयन

सीएए में सीआईबीए, एनएफडीबी और एमपीईडीए जैसे अन्य संबद्ध संगठनों के परामर्श से संभावित आपूर्तिकर्ताओं के साथ गहन विचार–विमर्श करके अनुवांशिक और रोग की स्थिति के आधार पर एसपीएस एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक की आपूर्तिकर्ताओं की सूची बनाने और चयन का कार्य कर लिया है। एसपीएस एल. वेन्नामई के ब्रूडस्टॉक की आपूर्ति हेतु वर्ष 2012–13 के लिए निम्नलिखित नौ आपूर्तिकर्ताओं जिन्हें वर्ष 2011–12 के लिए सूचीबद्ध किया गया था, को चयन–सूची में रखा गया है:

1. मै. औसैनिक इंस्टीट्यूट, हवाई
2. मै. कोना बे मेरिन रिसोर्सेज, हवाई
3. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम, फ्लोरिडा
4. मै. साइक्वा, थाईलैंड
5. मै. वेन्नामई 101 कं.लि. (के साथ संयुक्त उद्यम) थाईलैंड
6. मै. चेरियन पोकफंड फूड्स पब्लिक कं.लि., थाईलैंड
7. मै. श्रिम्प इंप्रवमेंट सिस्टम प्रा.लि., सिंगापुर
8. मै. श्रिम्प इंप्रूवमेंट सिस्टम प्रा.लि., हवाई
9. मै. हाई हैल्थ अक्वाकल्चर इंक, हवाई

वर्ष की विगत तिमाही के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई हैचरी प्रचालकों को अर्ली मोर्टलिटी सिंड्रोम (ईएमएस)/ एक्यूट हेपाटोपैंक्रिएटिक नेक्रोसिस सिंड्रोम (एएचपीएनएस) फैलने के कारण दक्षिण–पूर्वी एशियाई देशों से ब्रूडस्टॉक का आयात नहीं करने की सलाह दी गई थी ।

(ii) ब्रूडस्टॉक के आयात पर तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठकें

तकनीकी मूल्यांकन समिति ने दिनांक 11 फरवरी, 2013 को हैचरी प्रचालकों के साथ बैठक की थी और ब्रूडस्टॉक के आयात विशेष तौर पर वार्षिक आवश्यकता, ब्रूडस्टॉक की गुणवत्ता, अवशेष दरों आदि से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया था।

तकनीकी मूल्यांकन समिति की बैठकें प्रगति पर हैं

(iii) वर्ष 2012–13 में एसपीएफ एल.वेन्नामई ब्रूडस्टॉक का आयात और बीज उत्पादन

- तटीय जलकृषि प्राधिकरण ने सीएए अनुमोदित फार्मों को बिक्री के लिए एसपीएफ एल. वेन्नामई का आयात और पोस्ट लार्वा (पीएल) के उत्पादन के लिए हैचरियों को अनुमति प्रदान करना जारी रखी है।
- निरीक्षण दल और हैचरियों को अनुमति प्रदान करने के लिए गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर, एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक की अनुमति मात्रा का आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज का उत्पादन करने के लिए वर्ष 2012–13 के लिए 74 हैचरियों (आंध्र प्रदेश में 53, तमिल नाडु में 17, गुजरात में 2, ओडीशा में 1 और कर्नाटक में 1) के अनुमति पत्रों का नवीनीकरण किया गया था । नवीनीकृत अनुमति की वैधता 31–03–2013 तक है ।
- निरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर, वर्ष 2012–13 के दौरान ब्रूडस्टॉक के आयात और एसपीएफ एल. वेन्नामई के बीज उत्पादन के लिए प्राधिकरण द्वारा 31 नई हैचरियों (आंध्र प्रदेश में 23 और तमिल नाडु में 8) को अनुमोदन प्रदान किया गया था, जो 31–03–2013 तक वैध है । ये हैचरियां वर्ष के दौरान नवीनीकृत किए गए 74 परमिटों के अतिरिक्त हैं ।
- अनुमोदित हैचरियों में से प्रत्येक ने सीएए के पक्ष में 5 लाख रूपए की बैंक गारंटी जमा की है ताकि उनके द्वारा दिशा–निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। दिशा–निर्देशों के उल्लंघन की स्थिति में सीएए अधिनियम, नियम और दिशा–निर्देशों में निर्धारित कोडल प्रक्रियाओं का पालन करने के पश्चात सीएए द्वारा लगाए गए किसी अन्य अर्थ दंड के अलावा बैंक गारंटी का उपयोग किया जाएगा।
- यद्यपि रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई ब्रूडस्टॉक का आयात और बीज उत्पादन के लिए सीएए द्वारा 105 हैचरियों (आंध्र प्रदेश में 76, तमिलनाडु में 25, गुजरात में 2, ओडीशा में 1 और कर्नाटक में 1) को अनुमति दी गई थी । अनुमत हैचरियों का राज्य–विवरण चित्र 12 में दिया गया है और जिला–वार विवरण चित्र 13 में दिया गया है।



चित्र 12 एल. वन्नामई हेचरीज का राज्यों के अनुसार वितरण

- अवधि के दौरान अनुमत ब्रूडस्टॉक की कुल संख्या 66,360 जोड़े थी जिनकी न्यूनतम उत्पादन संभाव्यता 8,295 मिलियन एसपीएफ बीज थी। कार्यक्रम शुरू होने से एल. वेन्नामई हैचरियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है और चार वर्षों (जुलाई, 2009 से मार्च, 2013 तक) की अवधि के भीतर सीएए ने 105 हैचरियों को अनुमोदित किया है।
- इसे अलावा, जलीय क्वारंटाइन में अपर्याप्त स्थान को ध्यान में रखते हुए, दिनांक 23 मार्च, 2012 की अधिसूचना संख्या जी.एस.आर.280ई के रूप में सीएए अनुमोदित हैचरियों को नौपल्ली की बिक्री की अनुमति से पीएल उत्पादन के लिए आयातित ब्रूडस्टॉक का बेहतर उपयोग संभव हुआ है। वर्ष 2012–13 के दौरान उत्पादित झींगा बायोमास से प्राप्त समग्र अनुमान के अनुसार अनुमोदित हैचरियों में उत्पादित पीएल 7,500–8,500 मिलियन की रेंज में है।



चित्र 13 अनुमत एल. वन्नामई हेचरीज का वितरण

हैचरीज का निरीक्षण

जैव सुरक्षित हैचरीज का आंतरिक दृश्य

हैचरी में कंपाउंड वाल और टायर वाश

कैटरिज़ फिल्टर

हैचरीज में ईटीएस

इंडोर अलगल कल्चर

इंडोर अलगल कल्चर

अर्टीमिया सेक्शन

अर्ली पोस्ट लार्वा

पोस्ट लार्वा

(iv) गैर अनुमोदित हैचरियों द्वारा गैर–कानूनी एल. वेन्नामई बीज उत्पादन के विरूद्ध की गई कार्रवाई

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में एल. वेन्नामई के गैर–कानूनी बीज उत्पादन का पता लगाने के लिए झींगा हैचरियों की नियमित निगरानी करने के उद्देश्य से तथा विशेष शिकायतों पर हैचरियों का निरीक्षण करने के लिए निरीक्षण दल ने आंध्र प्रदेश के पूर्वी–गोदावरी और नेल्लौर जिलों में झींगा हैचरियों के 21 दौरे किए थे तथा तमिलनाडु के कांचीपुरम और विल्लूपुरम जिलों में झींगा हैचरियों के 62 दौरे किए थे।

इन दौरों के दौरान, दल ने यह पाया था कि 26 गैर–अनुमोदित हैचरियों के पास विशिष्ट ब्रूडस्टॉक वाले तालाब और एल. वेन्नामई के लार्वा चरण हैं जिन्हें कृषि मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दिनांक 23 मार्च 2012 के दिशा–निर्देश जी.एस.आर.280 (ई) के अनुसार दल द्वारा नष्ट कर दिया गया था । निरीक्षित हैचरियों की संख्या और नष्ट किए गए ब्रूडस्टॉक तथा लार्वा चरण की मात्रा (लगभग) को तालिका 4 में विस्तार से दिया गया है । एल.वेन्नामई बीजों के गैर–कानूनी उत्पादन के लिए सीएए द्वारा उन्नीस हैचरियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए थे और 18 हैचरियों को बंद करने के आदेश दिए गए थे।

तालिका 4 अनाधिकृत एल.वेन्नामई बीज उत्पादन और की गई कार्रवाई के ब्यौरे

क्र. सं.	राज्य का नाम	हैचरियों की कुल संख्या	नष्ट किए गए ब्रूडस्टॉक की लगभग संख्या	नष्ट किए गए लार्वा चरण की लगभग मात्रा (मिलियन)
1	तमिलनाडु	15	11,600	75.50
2	आंध्र प्रदेश	11	9,700	99.10
	कुल	26	21,300	176.60

अनाधिकृत हैचिरीज का निरीक्षण

(v) एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए झींगा फार्मों की अनुमति

सीएए ने मार्च, 2013 तक एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए 802 फार्मों के निरीक्षण के लिए एक निरीक्षण दल गठित किया। निरीक्षण के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए जल सुरक्षा आवश्यकताएं इस प्रकार हैं:

i. फार्मों की घेरावबंदी;
ii. क्रेब फेंसिंग;
iii. जलाशयों के माध्यम से जल उपभोग;
iv. पक्षी डरावा/पक्षी सुरक्षा जाल लगाना;
v. सक्षम उपचार तंत्र (ईटीएस).

निरीक्षण दल की सिफारिशों के आधार पर, आगे की कार्रवाई सदस्य सचिव, सीएए के स्तर पर की जाती है, जिसके पश्चात प्रस्ताव को विचार के लिए प्राधिकरण के समक्ष रखा जाता है। सीएए द्वारा अनुमोदन के पश्चात् किसानों को एलओईएस जारी किए जाते हैं ।

एल. वन्नामई फार्मों का निरीक्षण

फार्म फेंसिंग

क्रेब फेंसिंग

चिड़ियों को उलझाकर जाल में फंसाना

जल अभिक्रिया के लिए जलाशय

अपशिष्ट जल अभिक्रिया के लिए ईटीएस

फार्म लाइनिंग

प्रेक्षण टावर के साथ फार्म

सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए घूमने वाले सीसी कैमरे से लैस फार्म

वर्ष 2012–13 के दौरान, प्राधिकरण ने एसपीएस एसपीएफ एल.वेन्नामई उत्पादन के लिए 334 फार्मों पर विचार किया है और अनुमोदित किया है जिसके तहत कुल क्षेत्र 2,514.51 हेक्टेयर (डब्ल्यूएसए 1,746.18 हेक्टेयर) है। फार्मों के राज्य–वार ब्यौरे तालिका 5 में दिए गए हैं और उनका प्रतिशत वितरण सारिणी 14 में दिया गया है। विभिन्न राज्यों में फार्मों का क्षेत्रवार वितरण सारिणी 5 में दिया गया है ।

तालिका 5: अप्रैल 2012 से मार्च, 2013 तक एसपीएफ एल.वेन्नामई फार्मों की अनुमति के राज्य–वार ब्यौरे

क्र. सं.	राज्य का नाम	फार्मों का नाम	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)
1	आंध्र प्रदेश	259	1,474.6	1,059.3
2	तमिल नाडु	34	295.3	202.5
3	गुजरात	11	104.8	74.4
4	महाराष्ट्र	13	483.8	308.9
5	ओडीशा	11	78.2	48.7
6	गोवा	3	18.3	13.9
7	दमन एवं दीव	3	60.0	38.4
	कुल	**334**	**2,514.6**	**1,746.3**



चित्र 14 वर्ष 2012–13 के लिए सीएए से अनुमोदित एल. वेन्नामई फार्मों का प्रतिशत वितरण



चित्र 15 वर्तमान वर्ष में अनुमत एल.वेन्नामई फार्मों के ब्यौरे

सीएए ने मार्च, 2013 तक 802 एसपीएफ एल.वेन्नामई फार्मों को अनुमोदित किया है और एलओपीएस जारी किया है, जिसके तहत कुल 8,429.22 हेक्टेयर (डब्ल्यूएसए 5717.64 हेक्टेयर) क्षेत्र शामिल है, फार्मों के राज्य–वार ब्यौरे तालिका 6 में दिए गए हैं, उनका प्रतिशत वितरण क्षेत्र 16 में दिया गया है और विभिन्न राज्यों में क्षेत्रवार वितरण क्षेत्र 17 में दिया गया है।

तालिका 6 अगस्त, 2009 से मार्च, 2013 तक एसपीएफ एल.वेन्नामई की अनुमति के राज्य–वार ब्यौरे

क्र. सं.	राज्य का नाम	फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)
1	आंध्र प्रदेश	580	5,525.5	3,826.8
2	तमिल नाडु	113	985.7	675.1
3	गुजरात	39	547.9	378.0
4	महाराष्ट्र	29	1,002.9	600.0
5	कर्नाटक	17	47.9	38.2
6	ओडीशा	16	218.3	132.7
7	गोवा	4	23.9	16.7
8	पुदुचेरी	1	17.1	11.9
9	दमन एवं दीव	3	60.0	38.4
	कुल	**802**	**8,429.2**	**5,717.8**



चित्र 16 दिसंबर 2005 से मार्च 2013 तक सीएए से अनुमोदित एल. वेन्नामई फार्मों का प्रतिशत वितरण



चित्र 17 दिसंबर 2005 से मार्च, 2013 तक अनुमत एल. वेन्नामई फार्मो के ब्यौरे

वर्ष 2009–10 से 2012–13 के दौरान सभी तटीय राज्यों में जारी किए गए एलओपीएस की संख्या के लिहाज से एल.वेन्नामई फार्मों की वृद्धि तालिका 7 में दी गई है; पालन के तहत वाले क्षेत्र के लिहाज से वृद्धि चित्र 18 में दी गई है और इस अवधि के दौरान राज्यवार वृद्धि चित्र 19 में दी गई है। मार्च, 2013 की स्थिति के अनुसार एल.वेन्नामई फार्मों का जिला–वार वितरण चित्र 20 में दिया गया है।



चित्र 18 वर्ष 2009–10 से 2012–13 के दौरान वर्तमान क्षेत्र के संदर्भ में एल. वन्नामई फार्मों की वृद्धि

तालिका 7 वर्ष 2009–10 से 2012–13 के दौरान सभी तटीय राज्यों में एसपीएफ एल. वेन्नामई उत्पादन के लिए जारी किए गए एलओपीएस की संख्या

क्र. सं.	राज्य का नाम	2009 - 10			2010 - 11			2011 - 12			2012 - 13			कुल		
		फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)	फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)	फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)	फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)	फार्मों की संख्या	टीएफए (हेक्टेयर)	डब्ल्यूएसए (हेक्टेयर)
1	आंध्र प्रदेश	87	1236.3	815.4	105	1205.9	833.2	129	1619.8	1118.9	259	1463.5	1059.3	580	5525.5	3826.8
2	तमिल नाडु	6	90.1	55.4	32	324.2	203.4	41	276.9	213.8	34	294.5	202.5	113	985.7	675.1
3	गुजरात	4	146.0	78.0	6	125.0	97.0	18	172.5	128.6	11	104.4	74.4	39	547.9	378.0
4	महाराष्ट्र	10	272.5	168.6	3	152.0	91.5	3	89.6	31.0	13	488.8	308.9	29	1002.9	600.0
5	कर्नाटक	0	0	0	16	47.0	37.4	1	0.9	0.8	0	0	0	17	47.9	38.2
6	ओडीशा	0	0	0	5	140.1	83.8	0	0	0	11	78.2	48.9	16	218.3	132.7
7	गोवा	0	0	0	1	5.6	2.8	0	0	0	3	18.3	13.9	4	23.9	16.7
8	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0	1	17.1	11.9	0	0	0	1	17.1	11.9
9	दमन एवं दीव	0	0	0	0	0	0	0	0	0	3	60.0	38.4	3	60.0	38.4
	कुल	**107**	**1744.9**	**1117.4**	**168**	**1999.8**	**1349.1**	**193**	**2176.8**	**1505.0**	**334**	**2507.7**	**1746.3**	**802**	**8429.2**	**5717.8**



चित्र 19 दिसंबर 2009–10 से मार्च 2013 के दौरान एल. वन्नामई फार्मों की राज्य–वार वृद्धि



चित्र 20 मार्च 2013 की स्थिति के अनुसार एल. वन्नामई फार्मों का जिलेवार वितरण

(vi) एल. वेन्नामई फार्मों के पंजीकरण को रद्द करना

झींगा उत्पादन कार्यकलापों के पैडी क्षेत्रों को निकट से प्रभावित करने के कारण चिराला मण्डल, प्रकाशम जिले के विजयलक्ष्मीपुरम के ग्रामीणों के शिकायत निवारण के आधार पर निम्नलिखित 5 झींगा फार्मों के पंजीकरण को रद्द करने के लिए तटीय जलकृषि प्राधिकरण ने अपनी 40 वीं बैठक में निर्णय लिया था।

(vii) एल. वेन्नामई उत्पादन का राज्यवार निष्पादन

आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश राज्य में कुल 5,535.5 हेक्टेयर पालन क्षेत्र और 3,826.4 हेक्टेयर जल प्रभावित क्षेत्र सहित एसपीएफ एन. वेन्नामई पंजीकरण की सर्वाधिक संख्या (580) दर्ज की है। तिमाही रिपोर्ट के जरिए कृषकों द्वारा दिए गए आंकड़े के आधार पर एसपीएफ एन. वेन्नामई पालन का कार्य निष्पादन संश्लेषण अगले पृष्ठ पर लिया गया है।

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.49
2	पालन के दिन (डीओसी)	71-165	116.00
3	बचने की दर (%)	50.0-98.2	79.60
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	12.5-35.0	25.00
5	उपज (मि./हे.)	4.0-17.0	10.50
6	एफसीआर	1.1-1.9	1.50

तमिल नाडु

तमिल नाडु में एसपीएफ एल.वेन्नामई पालन 985.7 हेक्टेयर क्षेत्र में (डब्ल्यूएसए 675.1 हेक्टेयर) सीएए के पास पंजीकृत 113 फार्मों में किए जाते हैं । एल.वेन्नामई पंजीकरण में यह राज्य दूसरे स्थान पर है। इस राज्य में एसपीएफ एल.वेन्नामई पालन का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.37
2	पालन के दिन (डीओसी)	60-155	114.00
3	बचने की दर (%)	75.0-98.0	87.20
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	10.0-34.0	23.00
5	उपज (मि./हे.)	2.5-17.0	9.80
6	एफसीआर	1.3-1.8	1.60

गुजरात

गुजरात में एसपीएफ एल.वेन्नामई पालन के लिए 547.9 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 378.0 हेक्टेयर) के साथ पंजीकृत फार्मों की संख्या 39 है। अनुमत क्षेत्र के आधार पर इस राज्य का चौथा स्थान है। कृषकों द्वारा प्रस्तुत तिमाही रिपोर्ट के आधार पर किया गया विश्लेषण नीचे प्रस्तुत है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.45
2	पालन के दिन (डीओसी)	80-158	131.00
3	बचने की दर (%)	67.0-47.0	86.70
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	17.0-31.0	25.00
5	उपज (मि./हे.)	4-17.0	10.50
6	एफसीआर	1.1-1.6	1.30

महाराष्ट्र

पालन के अंतर्गत क्षेत्र के आधार पर महाराष्ट्र 1002.9 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 600.0 हेक्टेयर क्षेत्र) के साथ तीसरे स्थान पर है। इस राज्य में पंजीकृत फार्मों की संख्या 29 है। इस राज्य में एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.44
2	पालन के दिन (डीओसी)	85-145	125.00
3	बचने की दर (%)	50.0-95.4	74.90
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	16.3-32.0	22.60
5	उपज (मि./हे.)	3.0-8.8	5.90
6	एफसीआर	1.3-1.8	1.60

कर्नाटक

इस राज्य में 47.0 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 38.2 हेक्टेयर) के साथ पंजीकृत फार्मों की संख्या 17 है। इस राज्य में सभी पंजीकृत फार्म छोटे फार्म हैं जिनके पास 4.05 हेक्टेयर से कम जल प्रभावित क्षेत्र है। इस राज्य में एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन का कार्य निष्पादन नीचे प्रस्तुत है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.26
2	पालन के दिन (डीओसी)	71.37	102.00
3	बचने की दर (%)	68.0-98.4	81.30
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	15.0-35.7	22.50
5	उपज (मि./हे.)	3.0-16.5	10.00
6	एफसीआर	1.3-1.6	1.50

ओडीशा

ओडीशा राज्य में 218.2 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 133.1 हेक्टेयर) के साथ एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत फार्मों की संख्या 16 है। एल.वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत सभी फार्म बड़े फार्म हैं जिनके पास 8.00 हेक्टेयर से अधिक जल प्रभावित क्षेत्र है। इस राज्य में एल. वेन्नामई फार्मों का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.41
2	पालन के दिन (डीओसी)	90-127	115.00
3	बचने की दर (%)	55.5-98.0	84.80
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	13.0-31.0	24.00
5	उपज (मि./हे.)	7.0-12.5	8.70
6	एफसीआर	1.2-1.5	1.40

पुदुचेरी

पुदुचेरी राज्य में 17.1 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 11.9 हेक्टेयर) के साथ एसपीएफ एल. वेन्नामई के पालन के लिए सीएए के पास पंजीकृत एक फार्म है । इस केन्द्र शाषित प्रदेश में एसपीएफ एल. वेन्नामई का कार्य निष्पादन नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	निष्पादन सूचक	क्षेत्र	औसत
1	संग्रहण सघनता (मि./हे.)		0.06
2	पालन के दिन (डीओसी)	108-121	115.00
3	बचने की दर (%)	65.0-95.0	80.00
4	औसत शरीर का भार (ग्राम)	20.0-41.0	31.00
5	उपज (मि./हे.)	4.4-14.1	9.30
6	एफसीआर	1.4-1.5	1.40

गोवा

गोवा राज्य में 23.9 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 16.7 हेक्टेयर) के साथ एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत 4 फार्म हैं। तथापि, केवल एक फार्म के एक फसल के संबंध में पालन के आंकड़े उपलब्ध हैं, इसलिए पालन के कार्य निष्पादन पर वर्ष में विचार नहीं किया गया है।

दमन एवं दीव प्रशासन

दमन एवं दीव प्रशासन में 60.0 हेक्टेयर कुल पालन क्षेत्र (डब्ल्यूएसए 38.4 हेक्टेयर) के साथ एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए पंजीकृत 3 फार्म हैं। इन फार्मों को केवल विगत तिमाही के दौरान अनुमति दी गई थी।

जल का जीएक्यूपी फिल्टरेशन

जीएक्यूपी केन्द्रीय जल निकासी व्यवस्था

पैडल ह्वील्स द्वारा जीएक्यूपी वायु संचारण

(viii) एसपीएफ एल. वेन्नामई का उत्पादन

जैव सुरक्षित पालन के माध्यम से एसपीएफ एल.वेन्नामई के उत्पादन में वर्ष 2009 में इसके प्रारंभ से शानदार वृद्धि हुई है। जैसा कि 2009–10 के दौरान 1,731 एम.टी., 2010–11 के दौरान 18,247 एम.टी. और 2011–12 के दौरान 80,717 एम.टी. के उत्पादन आंकड़ों से देखा जा सकता है। वर्ष 2012–13

संपीड़ित वायु की आपूर्ति द्वारा जीएक्यूपी वायु संचारण

जीएक्यूपी भोजन का ढेर

जीएक्यूपी – भोजन का वजन करते हुये

विभिन्न पौंड के लिए जीएक्यूपी राशन। सम्बंधित पौंड के चेक ट्रे के लिए लाहरीयों के अंदर भोजन पैकेट

जीएक्यूपी – स्वचालित फीडिंग मशीन/उपस्कर

के दौरान एसपीएफ एल. वेन्नामई पालन के लिए कुल 802 फार्मों को सीएए द्वारा अनुमोदित किया गया था । 31–03–2013 तक जिसका कुल जल प्रभावित क्षेत्र (डब्ल्यूएसए) 5,717.8 हेक्टेयर है।

बचने की दर 75–87% (औसत 81%) की रेंज में थी और पालन अवधि 102 से 131 दिनों (औसत 117 दिन) के बीच थी। शरीर भार की रेंज 22.5 ग्राम से 31.0 ग्राम (औसत 26.8 ग्राम) तक थी और खाद्य परिवर्तन अनुपात (एफसीआर 1.3–1.6 (औसत 1.4) के बीच भिन्न था। उपज की रेंज 8.2 एमटी/हे. के औसत उत्पादन सहित 5.9 से 10.5 एमटी/हे. तक थी।

फार्म–फ्रेश की कटाई एन. वन्नामई

उत्पाद का जीएक्यूपी कटाई उपरान्त देखभाल

कलस्टर पालन प्रणाली का प्रयोग करते हुए एसपीएफ एल.वेन्नामई पालन

